प्रादेशिक समाचार

10.04.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने झारखंड को 303 करोड़ की दो महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं की सौगात दी। इसके तहत रांची– जमशेदपुर मार्ग पर रामपुर चौक के पास ओवरब्रिज और रांची– हजारीबाग मार्ग पर विकास चौक– इरबा के पास अंडरपास का शिलान्यास किया गया। सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रधानमंत्री मोदी और श्री गडकरी का आभार जताते हुए कहा कि 195 किमी लंबे आउटर रिंग रोड के लिए 6 हजार करोड़ स्वीकृत हो चुके हैं, जो 2047 के विकसित भारत के लिए झारखंड को एक बड़ा उपहार होगा।

दूसरी ओर, राज्यसभा सदस्य महुआ माजी ने कहा कि बेहतर सड़क नेटवर्क से राज्य में मानव तस्करी पर लगाम लगेगी और ग्रामीण महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलेगा। इस अवसर पर विधायक राजेश कच्छप और समरी लाल सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शिष्टाचार मुलाकात की। मुख्यमंत्री की राज्यपाल के साथ यह भेंट औपचारिक रही, जिसमें राज्य के विकास और जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

******************

राज्य में मगही और भोजपुरी को प्रतियोगी परीक्षाओं में क्षेत्रीय भाषा के रूप में शामिल करने की मांग तेज हो गई है। इस सिलसिले में आज भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने पलामू में मानव श्रृखला बनाकर प्रदर्शन किया। भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष विपुल गुप्ता के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में विधायक आलोक चौरसिया और शशिभूषण मेहता भी शामिल हुए। वक्ताओं ने राज्य सरकार पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि अगर सरकार ने यह निर्णय वापस नहीं लिया, तो राज्य भर में व्यापक आंदोलन छेड़ा जाएगा।

******************

भारतीय रिजर्व बैंक ने डिजिटल धोखाधड़ी रोकने के लिए 10 हजार से अधिक के ऑनलाइन ट्रांसफर पर 1 घंटे का कूलिंग पीरियड प्रस्तावित किया है। इससे नए खातों में बड़ी राशि तुरंत क्रेडिट नहीं होगी और संदिग्ध लेनदेन को रोका जा सकेगा।

******************

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा झारखंड समेत देशभर में पोषण पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इस कड़ी में आज लोहरदगा में उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। समाहरणालय परिसर से शुरू हुआ यह रथ जिले के गांवों और पंचायतों में भ्रमण कर गर्भवती महिलाओं, किशोरियों और बच्चों को संतुलित आहार व स्वच्छता के प्रति जागरूक करेगा। उपायुक्त ने कहा कि सही पोषण की जानकारी जन–जन तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

******************

जमशेदपुर के गोपाल मैदान में 11 और 12 अप्रैल को राष्ट्रीय मागे महोत्सव 2026 का आयोजन होने जा रहा है। इस दो दिवसीय महोत्सव का उद्देश्य आदिवासी संस्कृति, भाषा और परंपराओं का संरक्षण करना है। आयोजकों ने बताया कि इस महोत्सव में देश के 11 राज्यों के कलाकार हिस्सा लेंगे।

******समाप्त************